**UPLK010073662026**

**न्यायालय सत्र न्यायाधीश, लखनऊ**

**दाण्डिक प्रकीर्ण वाद सं०-840/2026**

कीर्ति मिश्रा **बनाम** उ०प्र० राज्य

**दिनांक-11.06.2026**

**1.** पत्रावली प्रस्तुत हुई। पुकार पर आवेदिका की ओर से विद्वान अधिवक्ता उपस्थित।

**2.** यह स्थानान्तरण आवेदन, **न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-षष्टम, लखनऊ** में लम्बित **आवेदिका के सीज वाहन सं०-यू.पी. 32 एम.टी. 0398 से सम्बंधित अन्तर्गत धारा 207 एम.वी. ऐक्ट सीजर/चालान सं०-UP281771260405210337** को उक्त न्यायालय से किसी अन्य न्यायालय में स्थानान्तरित करने हेतु प्रस्तुत किया गया है एवं यह आधार लिया गया है कि उक्त न्यायालय रिक्त है।

**3.** उक्त स्थानान्तरण आवेदन पर **न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-षष्टम, लखनऊ** के प्रभारी पीठासीन अधिकारी द्वारा आख्या दिनांकित 02.06.2026 प्रस्तुत की गयी, जिसमें सरकार बनाम कीर्ति मिश्रा वाहन सं०-यू.पी. 32 एम.टी. 0398, थाना-आलमबाग का सीजर उक्त न्यायालय में लम्बित होने तथा न्यायालय रिक्त होने का उल्लेख किया गया।

**4.** सुना तथा पत्रावली का अवलोकन किया।

**5.** चूँकि सम्बंधित न्यायालय रिक्त है। अतः स्थानान्तरण हेतु पर्याप्त आधार है। तदैव, स्थानान्तरण आवेदन स्वीकार किये जाने योग्य है।

**-आदेश-**

स्थानान्तरण आवेदन स्वीकार किया जाता है। **न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-षष्टम, लखनऊ** में लम्बित **आवेदिका के सीज वाहन सं०-यू.पी. 32 एम.टी. 0398 से सम्बंधित अन्तर्गत धारा 207 एम.वी. ऐक्ट सीजर/चालान सं०-UP281771260405210337** को उक्त न्यायालय से **न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कक्ष सं०-31, लखनऊ** में विधि-अनुसार सुनवायी एवं निस्तारण हेतु अन्तरित किया जाता है।

सर्वसम्बंधित सूचित हों।

**(मलखान सिंह)**
**सत्र न्यायाधीश,**
**लखनऊ**



Digitally signed by Malkhan Singh
Date: 2026.06.19 11:22:50 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court